BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI

CLASS -III

ANSWER KEY

HINDI ASSIGNMENT -4

अपठित गद्यांश, विशेषण, पाठ-8 कविता प्रभात

एक भालू और एक खरगोश एक साथ एक जंगल में रहते थे। वे एक दिन अपनी मित्रता की कहानी एक-दूसरे को सुना रहे थे। भालू ने कहा, "हमें कभी लड़ाई नहीं करनी चाहिए। हमेशा एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए।खरगोश ने यह सुनकर कहा, "तुम सही कह रहे हो। हम दोनों मिलकर बहुत काम कर सकते हैं। हमारी मित्रता हमें मज़बूत बनाती है।"

प्र०1- भालू और खरगोश अपनी मित्रता की कहानी किसे सुना रहे थे?

उ०- भालू और खरगोश अपने मित्रता की कहानी एक-दूसरे को सुना रहे थे।

प्र०2-मित्रता हमें क्या बनाती है?

उ०- मित्रता हमें मज़बूत बनाती है।

प्र०3-समानार्थक शब्द लिखो-

क) मदद- सहायता ख) कार्य- काम ग) वन- जंगल

प्र०4-विलोम शब्द लिखो-

क) शत्रुता- मित्रता ख) कमज़ोर- मज़बूत ग) गलत -सही

प्र०5- वचन बदलो-

क) वह - वे ख) मैं - हम

II निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्दों को रेखांकित करो-

1. घमंडी रावण मारा गया।

2. उसने एक <u>काला</u> घोड़ा खरीदा।

3. बस में <u>तीस</u> यात्री बैठे हैं।

4. सुनील <u>बहादुर</u> लड़का है।

5. दूध में <u>थोड़ी</u> चीनी डाल दो।

III वचन बदलो

क) गाय- गायें   ख) क्यारी- क्यारियाँ

ग)बगीचा - बगीचे

IV निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो-

क) पंछी - पक्षी   ख) महक- खुशबू

ग) बाग- बगीचा   घ) जग- संसार